"भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल"
(गृह मंत्रालय)
भारत सरकार

आईटीबीपीएफ-2026 में असिस्टेंट कमांडेंट (इंजीनियर) के पद हेतु भर्ती

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, अपने यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपीएफ) में **अस्थायी आधार, स्थायी किये जाने की संभावन पर** जनरल सेण्ट्रल **सर्विस** ग्रुप **'ए'** में राजपत्रित पद (नॉन मिनिस्ट्रियल) की **असिस्टेंट कमांडेंट (इंजीनियर)** की 06 **रिक्तियों** को भरने हेतु योग्य **पुरुष एवं महिला** भारतीय नागरिकों से (नेपाल व भूटान के नागरिक सहित) ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करते हैं।

2. रिक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :

क्रम सं.	पदनाम	कुल रिक्तियां	यूआर	ओबीसी	एससी	एसटी	ईडब्ल्यूएस
1.	असिस्टेंट कमांडेंट (इंजीनियर)	06	04	01	00	01	00

3. कुल रिक्तियों में बैकलॉग रिक्तियां शामिल हैं और इसमें प्रशासनिक कारणों की वजह से रिक्तियों में परिवर्तन हो सकता है। आईटीबीपी इस विज्ञापन में प्रकाशन के बाद भर्ती प्रक्रिया की सीक्वेंस में परिवर्तन का अधिकार रखता है। आईटीबीपी बगैर कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर भर्ती को रद्द या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

4. **वेतनमान-लेवल-10 (56,100-1,77,500) 7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स में।**

5. **उम्मीदवारों से आवेदन केवल वैबसाइट https://recruitment.itbpolice.nic.in पर ऑनलाईन मोड के द्वारा स्वीकार किये जाएंगे। ऑफ लाईन आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।** वेतन एवं भत्तों, योग्यता शर्तों, ऑनलाईन आवेदन फारम भरने की प्रक्रिया, भर्ती प्रक्रिया और परीक्षाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये आवेदकों को उपरोक्त वैबसाईट और इंप्लायमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशित होने वाले विज्ञापन को ध्यानपूर्वक देखने की सलाह दी जाती है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व पात्रता मानदंड को ध्यानपूर्वक देख लें।

ऑनलाईन आवेदनों के खुलने की तिथि 21.04.2026 को रात्रि 00.01 बजे है तथा बंद होने की तिथि 20.05.2026 को रात्रि 11.59 बजे है।

डीआईजी (भर्ती)

महानिदेशालय, आईटीबीपी

सीबीसी 19143/11/0001/2627